श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र : भूमि पूजन के बाद के प्रमुख घटनाक्रम

5 अगस्त 2020	भगवान श्रीराम के जन्मभूमि मन्दिर का भूमि पूजन और नवभारत के उत्थान का विजयोत्सव
29 अगस्त 2020	श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र जी ने श्री राम जन्मभूमि मन्दिर के मानचित्र व अन्य आवश्यक दस्तावेज़ स्वीकृति के लिये अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व सचिव महोदय को सौंपे ताकि मानचित्र स्वीकृति पश्चात निर्माण कार्य प्रारम्भ हो सके।
9 अक्टूबर 2020	श्री रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण हेतु तराशे गए पत्थरों को कार्यशाला से मंदिर परिसर में स्थानांतरित करने का कार्य प्रारंभ हुआ। इन्ही पत्थरों से भव्य और दिव्य श्री रामजन्मभूमि मन्दिर का निर्माण किया गया।
4 नवम्बर 2020	श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र जन्मभूमि परिसर के 70 एकड़ क्षेत्र के मास्टरप्लान हेतु सभी विद्वतजनों, वास्तुविदों के सुझाव आमन्त्रित किये गए।
13 फरवरी 2021	श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के गठन से पूर्व श्री रामजन्मभूमि न्यास द्वारा कई पक्षों से श्री राम जन्मभूमि मन्दिर की संरचना और निर्माण हेतु समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ट्रस्ट के गठन पश्चात उन सभी समझौतों की समीक्षा की गई और पूरक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
15 मार्च 2021	प्रातःकाल शुभ मुहूर्त में श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर, वैदिक पूजन के साथ ही श्री राम मंदिर निर्माण हेतु नींव भराई का कार्य प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।
17 अगस्त 2021	अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए गर्भगृह के स्थान पर कूर्म शिला स्थापना का कार्य शास्त्रोक्त विधि से सम्पन्न हुआ।
31 मई 2021	श्री रामजन्मभूमि परिसर में नींव के लिए लगातार चली खुदाई के बाद विशेषज्ञों की सलाह से निर्णय किया गया कि नींव भराई का कार्य Roller Compacted Concrete तकनीक से किया जाएगा। लगभग 1,20,000 स्क्वायर फ़ीट क्षेत्र में अभी 4 परत बिछाई जा चुकी थी। कुल 40-45 ऐसी ही परत बिछाने की योजना बनी।
13 अगस्त 2021	शताब्दियों पश्चात चांदी के झूले पर सवार हुए भगवान श्री रामलला

29 अगस्त 2021	माननीय राष्ट्रपति जी ने श्री रामजन्मभूमि परिसर में चल रहे मन्दिर निर्माण कार्य के विषय में श्री रामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के सदस्यों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा परिसर में पौधारोपण भी किया।
28 अक्टूबर 2021	श्रीलंका के उच्चायुक्त, उप उच्चायुक्त व केंद्रीय सरकार के मंत्री महोदय श्रीलंका स्थित अशोक वाटिका से श्री रामजन्मभूमि मंदिर हेतु शिलाएं लेकर अयोध्या पहुंचें तथा उन्हें भगवान श्री रामलला के चरणों में समर्पित किया। ततपश्चात सभी अतिथियों ने भगवान के पूजन व आरती में भी सहभाग किया।
3 नवम्बर 2021	अयोध्या स्थित श्री रामजन्मभूमि परिसर में दीपोत्सव
1 जनवरी 2022	दिनांक 1 जनवरी 2022 को लगभग 1,12,000 श्रद्धालुओं ने श्री रामजन्मभूमि स्थित अस्थायी मन्दिर में विराजमान भगवान श्री रामलला सरकार के दर्शन किए।
13 जनवरी 2022	अयोध्या स्थित भगवान श्री राम की पावन जन्मभूमि पर बन रहे भव्य श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया को एक 3डी फ़िल्म के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।
24 जनवरी 2022	श्रीराम जन्मभूमि मंदिर स्थल पर निर्मित राफ़्ट (raft) के ऊपर पूजन विधि पश्चात ग्रेनाइट पत्थर के ब्लॉक रखकर, मन्दिर के फर्श को ऊँचा करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य, पूजनीय संत एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।
२ अप्रैल 2022	चैत्र नवरात्र तथा नूतन सम्वत्सर के शुभारंभ पर अयोध्या में निर्माणाधीन श्री रामजन्मभूमि मन्दिर गर्भगृह पर प्रातः पूजन किया गया तथा नवीन ध्वजा फहराई गई।
10 अप्रैल 2022	रामनवमी के पावन पर्व पर अयोध्या स्थित श्री रामजन्मभूमि परिसर में पुष्पों से सुंदर साज-सज्जा की गई।
1 जून 2022	उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने शिला पूजन कर श्री रामजन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि न्यास के पदाधिकारी, पूजनीय संत और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।
13 अगस्त 2022	प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया।
23 अक्टूबर 2022	प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर श्री रामलला दर्शन-पूजन एवं मंदिर निर्माण कार्य अवलोकन
3 अक्टूबर 2023	श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की रक्षा व पुनः प्राप्ति के लिए विगत 500 वर्षों में आत्मोत्सर्ग करने वाले हुतात्माओं की आत्म शांति के लिए श्री वाल्मीकि रामायण व श्री राम चरित मानस का नवाह्न पारायण पाठ श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्रारम्भ किया गया।

9 अक्टूबर 2023	श्री राम जन्मभूमि मंदिर का भव्य सिंहद्वार, तथा नृत्य मंडप और फर्श पर नक्काशी का कार्य सार्वजानिक किये गए।
13 अक्टूबर 2023	श्री रामजन्मभूमि आंदोलन में बलिदान देने वाले रामभक्तों की आत्मशांति के लिए अयोध्या स्थित राम की पैड़ी दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।
5 नवम्बर 2023	श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु जनमानस को आमंत्रित करने के लिए जन्मभूमि परिसर में अक्षत पूजन कर, कार्यकर्ताओं में वितरित किया गया।
11 नवम्बर 2023	श्री राम जन्मभूमि मंदिर गर्भगृह में दीपोत्सव तथा पूजन
19 दिसंबर 2023	श्री राम मंदिर के मुख्य स्थापति श्री चंद्रकांत सोमपुरा ने अपने सहयोगियों सहित निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के महामंत्री श्री चंपत राय तथा अन्य न्यासी भी उपस्थित थे।
27 दिसंबर 2023	श्री राम जन्मभूमि परिसर में चारों वेदों की सभी शाखाओं का पारायण और यज्ञ अनवरत चला। देश के सभी प्रांतों से मूर्धन्य वैदिक विद्वानों और यज्ञाचार्यों को इस अनुष्ठान में सम्मिलित होने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा आमंत्रित किये गए।
1 जनवरी 2024	1 जनवरी 2024 पर सहस्त्रों की संख्या में रामभक्तों ने अयोध्या स्थित श्री रामजन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला सरकार के दर्शन किए।
4 जनवरी 2024	श्री राम जन्मभूमि मन्दिर के प्रवेश द्वार पर गज, सिंह, हनुमान जी और गरुड़ जी की मूर्तियाँ स्थापित की गईं। ये मूर्तियाँ राजस्थान के ग्राम बंसी पहाड़पुर के हल्के गुलाबी रंग के बलुआ पत्थर से बनी हैं।
11 जनवरी 2024	श्री राम जन्मभूमि परिसर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अंगभूत चतुर्वेद सहाकार के अन्तर्गत शुक्ल यजुर्वेद माध्यंदिनाय शाखा स्वाहाकार पारायण यज्ञ संपन्न किया गया। इस यज्ञ में भारत भूमि के पूर्व से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण के 101 पूज्य ब्राह्मणों की मंगलकारी सहभागिता रही।
22 जनवरी 2024	श्री रामलला सरकार प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में स्थापित देवताओं का दैनिक पूजन, हवन, पारायण आदि कार्य, प्रातः मध्वाधिनास, मूर्ति का 114 कलशों के विविध औषधीयुक्त जल से स्नपन, महापूजा, उत्सवमूर्ति की प्रासादपरिक्रमा, शय्याधिनास, तत्त्वन्यास, महान्यास आदिन्यास, शान्तिक-पौष्टिक - अघोर होम, व्याहृति होम, रात्रिजागरण, सायंपूजन एवं आरती हुई।
26 जनवरी 2024	शास्त्रीय परंपरा के अनुरूप श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में राग सेवा का आयोजन किया गया। यह आयोजन भगवान के समक्ष गुडी मंडप में किया गया, जिसमें देश भर के विभिन्न प्रांतों और कला परंपराओ के

	100 से अधिक सुप्रसिद्ध कलाकारों ने 45 दिनों तक भगवान श्री रामलला सरकार के श्रीचरणों में अपनी राग सेवा अर्पित की।
1 मई 2024	भारत की राष्ट्रपति माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला सरकार के दर्शन किए एवं आरती में प्रतिभाग लिया।
5 मई 2024	प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अयोध्या धाम स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्री रामलला सरकार का दर्शन एवं पूजन किया।
30 अक्टूबर 2024	श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, श्री कांची कामकोटि पीठ तथा चिन्मयी सेवा न्यास के तत्वावधान में श्री राम जन्मभूमि परिसर स्थित यज्ञशाला में दिनांक 18 नवंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक आयोजित किए जा रहे श्री महा नारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ तक के सफल आयोजन हेतु तीन दिवसीय अनुष्ठान आयोजित हुआ, इस अनुष्ठान के अंतर्गत विघ्नेश्वर पूजा, भूमि पूजा और वनदुर्गा महाविद्या हवन इत्यादि किए गए। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के श्री चंपत राय तथा अन्य संबंधित महानुभाव उपस्थित रहे।
11 जनवरी 2025	श्री राम जन्मभूमि मंदिर से प्रभु श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह।
17 मार्च 2025	श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की मासिक बैठक न्यास के अध्यक्ष पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास जी की अध्यक्षता में हुई, जिस में मंदिर से संबंधित भविष्य की योजनाओं पर गहन विचार विमर्श हुआ। मन्दिर निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई और शेष कार्यों को पूर्ण करने का संभवित समय बताया गया।
6 अप्रैल 2025	श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम।
5 सितम्बर 2025	भूटान के प्रधानमंत्री श्री दाशो शेरिंग तोबगे सपत्नीक श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्री रामलला सरकार के दर्शन हेतु अयोध्या धाम पधारे। भगवान रामलला सरकार के दर्शन पश्चात उन्होंने श्री राम दरबार के दर्शन किए तथा तत्पश्चात कुबेरटीला पर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं आरती भी की।
12 सितम्बर 2025	मॉरीशस के माननीय प्रधानमंत्री श्री नवीनचंद्र रामगुलाम अपनी धर्मपत्नी के साथ अयोध्या धाम स्थित भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन हेतु पधारे।